# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24-10-25 | 5 | 6-8 |

कार्यशाला — हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न, युवाओं और किसानों को दी गई वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी

# 4 राज्यों के 110 किसानों को मिला मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम वीरवार को संपन्न हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली और चंडीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं और किसानों को बटन मशरूम के अलावा अन्य खाद्य और औषधीय मशरूम की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक, प्रसंस्करण और स्पान उत्पादन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि पूरे वर्ष किसानों और युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इनमें मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण, कृषि में ड्रोन का उपयोग, डेयरी फार्मिंग और सब्जियों की संरक्षित खेती शामिल हैं।



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में प्रतिभागियों के साथ वैज्ञानिक। स्रोत संस्थान

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने कहा कि मशरूम उत्पादन तकनीक

## औषधीय मशरूम की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक के बारे में बताया

अन्य फसलों से बिल्कुल भिन्न है, इसलिए इसका प्रशिक्षण लेना अत्यंत आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को ओयस्टर/ढींगरी, किंग ओयस्टर, दूधिया, शिटाके, कीड़ा-जड़ी, गैनोडर्मा और देसी मशरूम की उत्पादन तकनीक की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सतीश कुमार मेहता ने किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. अमिता गिरधर, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. संदीप भाकर, डॉ. भूपेंद्र सिंह और डॉ. विकास हुड्डा ने भी मशरूम उत्पादन तकनीक से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 24-10-25 | 3 | 5-8 |

# मशरूम उत्पादन का 3 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

## उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, नई दिल्ली और चंडीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया

भास्कर न्यूज | हिसार



मशरूम उत्पादन के प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रतिभागी व एचएयू के वैज्ञानिक।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, नई दिल्ली और चंडीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा पूरे वर्ष किसानों और युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इन प्रशिक्षणों में मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण, कृषि में ड्रोन की उपयोगिता, डेयरी फार्मिंग तथा सब्जियों की संरक्षित खेती शामिल हैं। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं और किसानों को बटन मशरूम के अलावा दूसरी महत्वपूर्ण खाद्य और औषधि मशरूम की वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन प्रौद्योगिकी, स्पान उत्पादन तकनीक के बारे में बताया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 24-10-25 | 3 | 5-7 |

## मशरूम उत्पादन की तकनीक अन्य फसलों से अलग : डा. अशोक गोदारा

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, नई दिल्ली, और चण्डीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्थान के सह-निदेशक डा. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा पूरे वर्ष किसानों और युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं।



मशरूम प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों के साथ विज्ञानी • विज्ञप्ति

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 24-10.25 | 5 | 6-8 |


## हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

हिसार, 23 अक्तूबर (विरेंद्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, नई दिल्ली और चंडीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बलदेव राज काम्बोज के मार्गदर्शन में संस्थान द्वारा पूरे वर्ष किसानों और युवाओं के लिए स्वरोजगार एवं कौशल विकास से जुड़े रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। इन प्रशिक्षणों में मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण, कृषि में ड्रोन की उपयोगिता, डेयरी फार्मिंग तथा सब्जियों की संरक्षित खेती शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं और किसानों को बटन मशरूम के अलावा दूसरी महत्वपूर्ण खाद्य और औषधि मशरूम की वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन प्रौद्योगिकी, प्रसंस्करण, स्पान उत्पादन तकनीक आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक अन्य फसलों के उत्पादन से बिल्कुल भिन्न है, जिसकी वजह से इसका प्रशिक्षण लेना अति आवश्यक है। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।



प्रतिभागियों के साथ वैज्ञानिक।

प्रशिक्षण का संयोजन डॉ सतीश कुमार मेहता ने किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ. राकेश कुमार चुघ, डॉ. जगदीप सिंह, डॉ. विकास कंबोज, डॉ. सरोज यादव, डॉ. अमिता गिरधर, डॉ. डीके शर्मा, डॉ. संदीप भाकर, डॉ. भूपेंद्र सिंह, डॉ. विकास हुड्डा ने भी मशरूम उत्पादन तकनीक से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24-10-25 | 4 | 7-8 |

# हकृवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर प्रशिक्षण संपन्न

हिसार, 23 अक्तूबर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, नई दिल्ली, और चंडीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया। संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक गोदारा ने बताया कि प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स न्यूज | 23.10.2025 | -- | -- |

# हकृवि में मशरूम उत्पादन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न, 110 प्रतिभागियों ने लिया भाग



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के सायना नेहवाल कृषि प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण एवं शिक्षा संस्थान में मशरूम उत्पादन तकनीक पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में उत्तरप्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, और चण्डीगढ़ के 110 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

संस्थान के सह-निदेशक डॉ. अशोक कुमार गोदारा ने बताया कि इन प्रशिक्षणों में मधुमक्खी पालन, केंचुआ खाद उत्पादन, फल-सब्जी परिरक्षण, कृषि में ड्रोन की उपयोगिता, डेयरी फार्मिंग तथा सब्जियों की संरक्षित खेती शामिल हैं। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान युवाओं और किसानों को बटन मशरूम के अलावा दूसरी महत्वपूर्ण खाद्य और औषधि मशरूम की वैज्ञानिक तरीके से उत्पादन प्रौद्योगिकी, प्रसंस्करण, स्पान उत्पादन तकनीक आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ बलवान सिंह मंडल ने बताया कि मशरूम उत्पादन तकनीक अन्य फसलों के उत्पादन से भिन्न है, जिसकी वजह से इसका प्रशिक्षण लेना अति आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को बटन मशरूम के अलावा खाद्य और औषधीय मशरूम जैसे ओयस्टर/ ढींगरी, किंग ओयस्टर, दूधिया, शिटाके, कीड़ा-जड़ी, गैनोडर्मा मशरूम, देशी मशरूम बारे जानकारी दी गई। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए गए। प्रशिक्षण का संयोजन डॉ सतीश कुमार मेहता ने किया। प्रशिक्षण के दौरान डॉ राकेश कुमार चुघ, डॉ जगदीप सिंह, डॉ विकास कंबोज, डॉ सरोज यादव, डॉ अमिता गिरधर, डॉ डीके शर्मा, डॉ संदीप भाकर, डॉ भूपेंद्र सिंह ने भी मशरूम उत्पादन तकनीक से संबंधित जानकारी दी।